# विक्टोरिया में सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल कैसे करें



Transport Victoria

# नि:शुल्क यात्रा

मेलबर्न के सिटी सेंटर में ट्राम में यात्रा करना नि:शुल्क है। यदि आप केवल नि:शुल्क ट्राम ज़ोन में यात्रा कर रहे हैं, तो आपको टैप ऑन या ऑफ़ करने की आवश्यकता नहीं है।

रोज़ाना सुबह 9.30 बजे से शाम 5 बजे तक, नि:शुल्क ऐतिहासिक सिटी सर्कल ट्राम (रूट 35) में यात्रा करें और मेलबर्न के बारे में जानकारी प्राप्त करें।




## मुख्य

- नि:शुल्क ट्राम ज़ोन बाउंड्री
- नि:शुल्क ट्राम ज़ोन बाउंड्री स्टॉप
- 86 ट्राम का रूट
- 35 सिटी सर्कल ट्राम रूट
- सिटी सर्कल ट्राम स्टॉप
- आगंतुक सूचना केंद्र
- मेट्रोपॉलिटन ट्रेन
- क्षेत्रीय ट्रेन
- क्षेत्रीय कोच
- SkyBus एयरपोर्ट शटल
- फेरी

सीमाओं के भीतर होना सुनिश्चित करने के लिए ट्राम स्टॉप पर इन संकेतों को देखें।

FREE TRAM ZONE

# यात्रा के लिए myki का इस्तेमाल करना

आप विक्टोरिया में myki का इस्तेमाल सार्वजानिक परिवहन में यात्रा करने के लिए  टिकट के रूप में कर सकते हैं।

myki दो प्रारूपों में उपलब्ध है – फिजिकल कार्ड और डिजिटल कार्ड।

यात्रा में कार्ड का इस्तेमाल करने के लिए आपको कार्ड खरीदने पर इसमें पैसे (टॉप अप) डालने होंगे।

## क्या आप फिजिकल कार्ड खरीद रहे हैं?

फुल फेयर कार्ड का मूल्य $6 है।

कंसेशन कार्ड का मूल्य $3 है।

यूथ myki का मूल्य $5 है।

आप इसे ऑनलाइन या स्वयं जाकर खरीद सकते हैं।




## क्या आपके पास Android डिवाइस है?

आप मोबाइल myki द्वारा अपने Google वॉलेट में फुल फेयर या कंसेशन डिजिटल कार्ड को निःशुल्क शामिल कर सकते हैं।

अपने स्मार्टफ़ोन पर Google वॉलेट ऐप द्वारा myki को टॉप अप करें। ऑनलाइन टॉप अप करने में 45 मिनट तक का समय लग सकता है।




और अधिक जानकारी प्राप्त करें। स्कैन करें या **transport.vic.gov.au** पर जाएँ।

## आप फिजिकल myki कार्ड कहाँ से खरीद और टॉप अप करवा सकते हैं

| | खरीदें | टॉप अप करें |
|---|---|---|
| वेबसाइट | ✓ | ✓ † |
| PTV ऐप | ✗ | ✓ |
| 7-इलेवन और myki साइन वाले अन्य स्टोर से | ✓ | ✓ |
| myki टिकट मशीनों से | ✓ ## | ✓ |
| myki क्विक टॉप अप मशीनों से | ✗ | ✓ |
| ट्रेन स्टेशन टिकट ऑफिस से | ✓ | ✓ |
| दक्षिणी क्रॉस स्टेशन पर PTV हब से | ✓ | ✓ |
| फ़ोन द्वारा | ✓ | ✓ |

† 45 मिनट का समय दें।
## यूथ myki कार्ड टिकट मशीनों से खरीदे नहीं जा सकते हैं।

### myki Money या myki Pass चुनें

myki Money जैसे-जैसे आप यात्रा करते हैं, वैसे-वैसे आपको भुगतान करने देता है। यदि आप एक सप्ताह में 5 या इससे अधिक दिन यात्रा करते हैं, तो आप myki Pass द्वारा कम किराया प्राप्त कर सकते हैं।

# किराया

यदि आप मेलबोर्न या क्षेत्रीय विक्टोरिया में कहीं पर भी किसी भी ट्राम, ट्रेन या बस* में यात्रा करते हैं तो आपको अधिकतम दैनिक किराए से अधिक का भुगतान नहीं करना पड़ेगा।

| दैनिक अधिकतम | कार्यदिवस | सप्ताहांत# |
|---|---|---|
| फुल फेयर (संपूर्ण किराया) | $11.40 | $8.00 |
| कंसेशन (रियायत) | $5.70 | $4.00 |

प्रत्येक यात्रा की शुरुआत में टैप करें, केवल उस समय को छोड़ कर जब आप निःशुल्क ट्राम ज़ोन में यात्रा कर रहे हों।

ट्रेन, बस और ज़ोन 2 ट्राम यात्रा के समय सबसे कम किराया पाने के लिए, टैप ऑफ़ करना याद रखें।

| | टैप ऑन | टैप ऑफ़ |
|---|---|---|
| ट्रेन | ✓ | ✓ |
| बसें | ✓ | ✓ |
| ज़ोन 1 में ट्राम यात्रा | ✓ | ✗ |
| ज़ोन 2 में ट्राम यात्रा | ✓ | ✓ |
| मेलबर्न के निःशुल्क ट्राम ज़ोन में ट्राम यात्रा | ✗ | ✗ |


## निःशुल्क यात्रा

18 वर्ष से कम उम्र के सभी यात्रियों को सार्वजानिक परिवहन में किसी भी समय, कहीं भी निःशुल्क यात्रा की सुविधा प्राप्त है। 5 से 17 वर्ष की उम्र के सभी लोगों के लिए यूथ myki कार्ड उपलब्ध है।

विक्टोरिया के सीनियर सिटिज़न अपने मौजूदा रियायत लाभों (कंसेशन बेनिफिट् स) से प्राप्त डिस्काउंट के अलावा, पूरे राज्य में सप्ताहांत पर निःशुल्क यात्रा कर सकते हैं।

विकलांगता सहायता प्राप्तकर्ता और देखभालकर्ता पूरे राज्य में सप्ताहांत पर निःशुल्क यात्रा कर सकते हैं।

# PTV ऐप




PTV ऐप से आप निम्नलिखित कर सकते हैं::

- अपने myki को तुरंत टॉप अप करना
- सुविधा के लिए ऑटो टॉप अप सेट करना
- अपने myki को पंजीकृत करना ताकि कार्ड खो जाने की स्थिति में भी आपका बैलेंस सुरक्षित रहे
- अपनी यात्रा की योजना बनाना और उसे ट्रैक करना।

---

इसे App Store या Google Play से निःशुल्क डाउनलोड करें, या और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए **transport.vic.gov.au/app** पर जाएँ।

## क्षेत्रीय यात्रा

दैनिक किराया सीमा के साथ, आप विक्टोरिया में किसी भी ट्रेन, बस या क्षेत्रीय कोच में पूरे दिन में $11.40 से कम में यात्रा कर सकते हैं - सप्ताहांत पर यह किराया और भी कम है।

अपने myki का इस्तेमाल क्षेत्रीय विक्टोरिया के कई हिस्सों जैसे Ballarat, Bendigo, Geelong, Gippsland और Seymour में यात्रा करने के लिए टिकट के रूप में करें।

### मुझे विभिन्न प्रकार की टिकट की आवश्यकता कब होगी?

myki ज़ोन के बाहर की यात्रा के लिए ई-टिकट या पेपर टिकट की आवश्यकता होती है।

* इसमें SkyBus एयरपोर्ट सेवा और ऐसी यात्राएँ शामिल नहीं हैं जो विक्टोरिया के बाहर शुरु या समाप्त होती हैं।
\# सप्ताहांत और सार्वजनिक अवकाश वाले दिन।

**और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए**
**transport.vic.gov.au पर जाएँ।**

Iयदि आप सुनने या बोलने में अक्षम हैं, तो राष्ट्रीय रिले सेवा (National Relay Service) के माध्यम से हमसे संपर्क करें। और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए **relayservice.gov.au** पर जाएँ।

अन्य भाषाओं में जानकारी प्राप्त करने के लिए:

| | | | |
|---|---|---|---|
| **普通話** | 9321 5454 | **廣東話** | 9321 5441 |
| **Italiano** | 9321 5444 | ਪੰਜਾਬੀ | 9321 5445 |
| **Ελληνικά** | 9321 5443 | हिन्दी | 9321 5442 |
| **Việt-ngữ** | 9321 5449 | සිංහල | 9321 5446 |
| **عربي** | 9321 5440 | **Español** | 9321 5447 |

यदि आपकी भाषा सूचीबद्ध नहीं है तो **transport.vic.gov.au/languages** पर जाएँ या 9321 5450 पर संपर्क करें।

1 जनवरी 2026 से लागू।

DTP1681-E/25

VICTORIA State Government
Department of Transport and Planning
PT>